# <u>निरीक्षण प्रतिवेदन</u>

माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, सेन्ट्रल जोनल बैंच, के प्रकरण क्रंमाक 07/2018 द्वारा दिनांक 09/06/2020 अधिकरण के पारित आदेश के पालनार्थ एवं मुख्यालय पत्र क्रंमाक 456/विधि/NGT (CZ), भोपाल दिनांक 24.06.2020 के निर्देश के परिपेक्ष्य में उप-जिला दण्डाधिकारी बैरागढ वृत्त श्री मनोज उपाध्याय, क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल के क्षेत्रीय अधिकारी, श्री आलोक सिंघई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी, ~~अतिरिक्त~~ अपर आयुक्त नगर निगम, भोपाल श्री आर.पी.मिश्रा एवं वार्ड क्रंमाक 09 के वार्ड हेल्थ अधिकारी एवं क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, का वैज्ञानिक दल की उपस्थिति में NGT में चलायमान प्रकरण स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

<u>निरीक्षण किये जाने पर निम्नानुसार अवलोकन पाया गया।</u>

- मोतिया तालाब रोड़ के किनारे स्थित चिकित्सा संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किये जाने पर लगभग अधिकांशतः संस्थानों द्वारा उनके यहाँ **Hospital Activities** से उत्पन्न होने वाले दूषित जल के उपचार हेतु दूषित जल उपचार संयत्र की स्थापना की गई है एवं शेष संस्थानों में डिस्इन्फेक्शन सिस्टम की व्यवस्था है। संस्थानों से उत्पन्न होने वाले उपचारित दूषित जल का निस्सारण ड्रेनेज के साथ म्यूनिसिपल सीवर पाईप लाईन में (संस्थान के सामने फुटपाथ के नीचे स्थित सीवर लाईन) में निस्सारित किया जाता है। जो कि मोतिया तालाब रोड़ के किनारे स्थित चिकित्सा संस्थानों के सामने की ओर फुटपाथ के नीचे स्थापित है। निरीक्षण के समय नगर निगम अधिकारी के द्वारा बताया गया कि उक्त म्यूनिसिपल सीवर पाईप लाईन सीधे आगे जाकर तीन मोहरों की ओर से आगे स्थित कोलुआ पंप हाऊस में छोड़ा जाता है एवं वहा पर्मपिंग कर अंततः मोहाली दामखेड़ा एस.टी.पी. में उपचार हेतु जाता है। अस्पतालों के सामने एवं पृथक स्टार्म वॉटर ड्रेन भी है। जो समस्त अस्पतालों के सामने से होकर अंततः सिद्दीक हसन खाँ तालाब तक जाती है। परंतु निरीक्षण के समय उक्त ड्रेनेज लाईन एल.बी.एस अस्पताल के निकट आगे की ओर सूखी पाई गई। (फोटोग्राफ संलग्न)

- निरीक्षण के दौरान अस्पतालों के सामने सड़क के दूसरी ओर स्थित मोतिया तालाब का ओवरफ्लो (मोतिया तालाब ब्रिज रोड़ के नीचे की ओर से) झरने के रूप में नीचे गिरता है। (फोटोग्राफ संलग्न)। जो कि आगे जाकर नाली के माध्यम से सिद्दीक हसन खाँ तालाब में मिलता है। उक्त जल में अत्याधिक दुर्गन्ध व्याप्त थी। मोतिया तालाब के अपस्ट्रीम में स्थित रहवासी क्षेत्र से उक्त जल बहकर मोतिया तालाब में आता है एवं ओवरफ्लो द्वारा बहकर सिद्दीक हसन खाँ तालाब में मिलता है। कार्यालय द्वारा मोतिया तालाब का ओवरफ्लो जल नमूना एवं जल नाली के माध्यम से सिद्दीक हसन खाँ तालाब में मिलने के पश्चात् का जल नमूना एकत्रीकरण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिद्दीक हसन खाँ तालाब में मछलियां भी देखी गई। (जल नमूने की विश्लेषण रिपोर्ट संलग्न)।
- माननीय अधिकरण के निर्देशानुसार गठित दल द्वारा चिकित्सा संस्थानों के पीछे स्थित नवाब सिद्दीक हसन खाँ तालाब के किनारे स्थित रहवासी कॉलोनी-ताज कॉलोनी एंव अशोक कॉलोनी के निरीक्षण के दौरान वहा के रहवासियों द्वारा (श्री अशोक-ताज कॉलोनी निवासी, मो. रईस, श्री नईम खॉन, श्री कमर-अशोक कॉलोनी निवासी) द्वारा बताया गया कि यहाँ अस्पतालों द्वारा किसी प्रकार का बायोमेडिकल वेस्ट नहीं फैंका जाता एवं रहवासी घरों से नगरीय कचरे के एकत्रीकरण हेतु प्रतिदिन सुबह नगर निगम के वाहन द्वारा कचरा उठाया जाता है। किंतु दिन में कॉलोनी रहवासियों द्वारा घरेलू कचरा प्रायः तालाब के किनारे फैंक दिया जाता है। निरीक्षण दल द्वारा अवलोकन किये जाने पर उक्त घरेलू कचरे में किसी भी प्रकार का बायोमेडिकल वेस्ट नहीं पाया गया।

<u>निष्कर्षः-</u>

1. उपरोक्त किये गये संयुक्त निरीक्षण के आधार पर मोतिया तालाब रोड़ के निकट स्थित चिकित्सा संस्थानों से उत्पन्न बायोमेडिकल वेस्ट एवं म्यूनिसिपल सॉलिड़ वेस्ट की कोई समस्या परिलक्षित नहीं हुई एवं संस्थानों द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट का डिस्पोजल बोर्ड से प्राधिकृत ऐजंसीज (सी.बी.डब्ल्यू.टी.एफ) के माध्यम से एवं म्यूनिसिपल सॉलिड़ वेस्ट का निपटान नगर निगम, भोपाल के माध्यम से किया जा रहा है।

2. सिद्दीक हसन खाँ तालाब के निकट स्थित अधिकाशतः चिकित्सा संस्थानों द्वारा उनके संस्थान से **Hospital Activities** के दौरान उत्पन्न होने वाले दूषित जल के उपचार हेतु दूषित जल उपचार संयत्र स्थापित किये गये है। संस्थानों से उत्पन्न ड्रेनेज को म्यूनिसिपल सीवर लाईन के माध्यम से निस्सारित किया जाता है। जिसका अंततः मोहाली दामखेड़ा स्थित सीवेज ट्रीट्मेंट प्लांट (एस.टी.पी.) में उपचार किया जा रहा है।

3. चिकित्सा संस्थानों के पीछे की ओर स्थित सिद्दीक हसन खाँ तालाब में मुख्यतः मोतिया तालाब का ओवरफ्लो एवं सिद्दीक हसन खाँ तालाब के निकट स्थित रहवासी क्षेत्र–ताज कॉलोनी एवं अशोक कॉलोनी के रहवासियों द्वारा उनका घरेलू जल–मल नालियों के माध्यम से सीधे सिद्दीक हसन खाँ तालाब में मिलना पाया गया।

4. अतः समस्या म्यूनिसिपल सीवेज प्रबंधन से संबंधित होने के कारण नगर निगम के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आती है। उक्त संबंध में नगर निगम, भोपाल से मोतिया तालाब में आने वाले एवं उससे ओवरफ्लों होने वाले दूषित जल, तथा सिद्दीक हसन खाँ तालाब के निकट रहवासी बस्तियों से मल–जल व ठोस अपशिष्ठों के सिद्दीक हसन खाँ तालाब में जाने की समस्या के निराकरण हेतु कार्यवाही अपेक्षित है। *Plan of BMC for the same is attached for perusal.*

[redacted]
मुख्य [redacted] स्वास्थ्य अधिकारी
भोपाल

(श्री मनोज उपाध्याय)
उप जिला दण्डाधिकारी
बैरागढ़ वृत्त, भोपाल

अनुविभागीय अधिकारी
बैरागढ़ वृत्त, भोपाल

(श्री आलोक सिंघई)
क्षेत्रीय अधिकारी
म.प्र.प्र.नि.बोर्ड, भोपाल

REGIONAL OFFICER
M.P. Pollution Control Board
BHOPAL

## नगर निगम टीम

(श्री आर.पी. मिश्रा)
(~~अतिरिक्त~~ आयुक्त नगर निगम, भोपाल)
अपर आयुक्त नगर पालिक निगम, भोपाल

## निरीक्षण कर्ता (कार्यालय टीम)

(श्री शैलेन्द्र कश्यप)
प्रयोगशाला सहायक

(श्री सलमान खान)
उपयंत्री

(डॉ. एम.कुरेशी)
वैज्ञानिक

(डॉ. टी.सूफी)
वैज्ञानिक

# REGIONAL OFFICE
## M.P. POLLUTION CONTROL BOARD,
## PARYAWARAN PARISAR, E-5, ARERA COLONY, BHOPAL (M.P.)
Phone No. 0755-2466392, E-mail – romppcb_bpl@rediffmail.com


## WATER ANALYSIS REPORT

**Report No.** 2895, 2894, 2893 /JULY/2020

Sample From :- 1. Motia Talab Bhopal
2. Siddique Hussain Talab Bhopal
3. Munshi Hussain Talab Bhopal

Sample Details :- Talab Water

Collected by :- Mr. S. Kashyap (Sampler)
Date of Collection :- 11-07-2020
Date of Analysis :- 13-07-2020

**Analyzed by** :- Mr. Arvind Singh
(Jr. Scientist)

| S. No. | Parameter | Unit | Result 1 | Result 2 | Result 3 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PH | pH Unit | 8.50 | 8.79 | 8.91 |
| 2. | BOD | mg/l | 12.0 | 18.0 | 22.0 |
| 3. | COD | mg/l | 38.72 | 58.08 | 77.44 |
| 4. | Chloride | mg/l | 100.96 | 99.96 | 96.96 |
| 5. | Total Solid | mg/l | 1360 | 1700 | 2010 |
| 6. | Total Dissolved Solid | mg/l | 980 | 1260 | 1490 |
| 7. | Total Suspended Solid | mg/l | 380 | 440 | 520 |
| 8. | D.O. | mg/l | 6.8 | 6.6 | 6.5 |

**Report prepared by**

**Chief Chemist**


SANGEETA R. DANNY
Chief Chemist
Regional Office, MPPCB, Bhopal



Dry storm water drain line




SDM. Bairagarh (Sh. M. Upadhya), Add. com. BMC (Sh. R.P. Mishra) RO. MPPCB. BPL (Sh. Alok Singhai)



Residents of Ashok colony, SDM, Add. comm, BMC & ROMPPCB. Bhopal.

MSW COLLECTION VEHICLE OF BMC




ASHOK Colony, Residents




RO. MP PCB. BHOPAL (Domestic drain line back side of HCF)



Domestic drainage of Ashok colony Houses
Behind of Hospitals.







Domestic drainage of Ashok colony Houses.




Back side of paras Hospitals!



Over Flow of motia Talab (water fall from motia Talab)



Talab (before mixing into siddique Hasan Talab)
Over Flow of motia inspected by SDM, Bairagarh, Add. Comm BMC
Regional officer. MPPCB, Bpl



Ashok colony houses (near siddique Hasan Talab)



Ashok colony - Domestic drainage directly going into Siddique Hasan Talab



Ashok colony / [illegible] colony
Sewge
directly mix
into S.H.
Talab





Motia Talab over flow directly mixing into Siddique Hasan Talab

View of Siddique Hasan Talab (S.H. Talab)




Domestic sewage directly mixing into S.H. Talab






Domestic sewage directly mixing into S.H. Talab

# LBS Hospital, Bhopal






COLLECTION/ SEGREGATION OF BMW/MSW.

LBS HOSP.




PROPOSED STP.



# Noble Diagnostic, Bhopal





Inspection team L.B.S Hospital





SDM, Bairagarh, CMHO, BHOPAL & ROMPPCB



SDM. & RO. MPPCB. BHOPAL

# Noble Diagnostic, Bhopal









RO. MP. P.CB. , BPL. Team inspected of
Shubham Hosp.


# Shubham Hospital, Bhopal






RO. MPPCB, Bpl Team inspected of Shubham Hosp






CHEMICAL DOZING CONTAINER

BHOPAL CARE HOSPITAL





ETP

# Paras Hospital, Bhopal








COLLECTION / SEGREGATION OF BMW

# ABM Hospital, Bhopal








# ABM HOSPITAL








ETP






Collection | Segregation of BMW








SEGREGATION OF BMW.




SILVER LINE HOSPITAL

SILVER LINE HOSPITAL











ETP

# Unique Hospital, Bhopal




COLLECTION / SEGREGATION / COLLECTION OF BMW.



# Balaji Children Hospital, Bhopal








WASTE WATER (LIQUID WASTE) TREAMENT BY DISINFECTION

# Yashoda Hospital, Bhopal







COLLECTION/SEGREGATION/COLLECTION OF BMW




WASTE WATER (LIQUID WASTE) TREATMENT
By DISINFECTION METHOD

# Dr. Lal Pathlabs, Bhopal




# Manas Blood Bank, Bhopal





W.W. (LIQUID WASTE) TREATED BY DISINFECTION METHOD

क्षेत्रीय कार्यालय

मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

पर्यावरण परिसर,ई–5,अरेरा कॉलोनी, भोपाल

Phone-0755-2466392, Fax- 0755- 4278342 E-Mail- romppcb_bpl@rediffmail.com


क्रमांक 2114/क्षेका/प्रनिबो/2020 फाईल नंबर– भोपाल, दिनांक 10/8/2020

प्रति,

आयुक्त,
नगर निगम,
हर्षवर्धन कॉम्पलेक्स, माता मंदिर चौराहा,
भोपाल (म.प्र.)

विषयः– माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, सेन्ट्रल जोनल बैंच, भोपाल के प्रकरण क्रंमाक 07/2018 द्वारा दिनांक 09.06.2020 को पारित आदेश के अनुपालन बावत्।

संदर्भः– 1. बोर्ड मुख्यालय का पत्र क्रं 456 विधि/भोपाल दिनांक 24.06.2020
2. कलेक्टर महोदय, जिला भोपाल का आदेश पत्र क्रं 245 भोपाल दिनांक 03.07.2020

उपरोक्त विषयान्तर्गत **मा. राष्ट्रीय हरित अधिकरण, सेन्ट्रल जोनल बैंच, भोपाल में चलायमान प्रकरण क्रंमाक ओ.ए. क्र 07/2018 में** मा. **अधिकरण का आदेश** दिनांक **09.06.2020** के परिपालन में मा. अधिकरण द्वारा गठित समिति द्वारा दिनांक 11.07.2020 को **क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,** भोपाल के नेतृत्व में क्षेत्रीय कार्यालय की टीम, एस.डी.एम., **बैरागढ वृत (कलेक्टर, जिला भोपाल द्वारा नामित), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**, जिला, भोपाल **एवं अति आयुक्त,** नगर **निगम, भोपाल** द्वारा उपरोक्त प्रचालित प्रकरण स्थल का संयुक्त निरीक्षण किये जाने पर शिकायत स्थल नवाब सिद्दीक हसन खाँ तालाब में मोतिया तालाब रोड़ के किनारे स्थित निजी चिकित्सालयों का बायोमेडिकल वेस्ट/नगरीय ठोस अपशिष्ठ निष्पादित किया जाना नहीं पाया गया। उक्त संस्थानों से उत्पन्न बायोमेडिकल वेस्ट बोर्ड से प्राधिकृत एजेंसी सी.बी.डब्ल्यू.टी.एफ द्वारा एवं नगरीय ठोस अपशिष्ठ, नगर निगम के माध्यम से किया जा रहा है एवं अधिकाशतः अस्पतालों से उत्पन्न दूषित जल को उपचार के पश्चात् म्यूनिसिपल सीवर लाईन में निस्सारित किया जाता है, संयुक्त अवलोकन में सिद्दीक इसन खाँ तालाब में मोतिया तालाब का ओवरफ्लो शिकायत स्थल के किनारे स्थित रहवासी क्षेत्र–ताज कॉलोनी, अशोक कॉलोनी का जल–मल एवं म्यूनिसिपल सीवर लाईन इत्यादि के तालाब में मिलना पाया गया। उपरोक्त कार्यवाही [illegible] भोपाल के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आती है।

अतः अनुरोध है कि आपके द्वारा माननीय अधिकरण के निर्देश के पालनार्थ कार्यवाही सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है।

(आलोक सिंघई)
क्षेत्रीय अधिकारी

क्रमांक 2115/क्षेका/प्रनिबो/2020 फाईल नंबर– भोपाल, दिनांक 10/8/2020

प्रतिलिपिः–

1. सदस्य सचिव, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर उनके संदर्भित पत्र के परिपेक्ष्य में भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कलेक्टर महोदय, जिला कलेक्टर कार्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

(आलोक सिंघई)
क्षेत्रीय अधिकारी

MANAS BLOOD BANK





W.W. TREATMENT DISINFECTION FACILITY.

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल

(सीवेज प्रकोष्ठ)

क्र 813 / न.यंत्री / सीवेज / 2020 भोपाल दिनांक 25/8/2020

प्रति,

क्षेत्रीय अधिकारी
म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
भोपाल

R.O.M.P.P.C.B. Received 2627 Date 25-8-20 BHOPAL

विषयः– माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, सेन्ट्रल जोनल बैंच भोपाल के प्रकरण कमांक 07 / 2018 द्वारा दिनांक 09.06.2020 को पारित आदेश के अनुपालन बावत्।

संदर्भः– 1.आपका पत्र क0 456 विधि / भोपाल दिनांक 24.06.2020।
2.कलेक्टर महोदय, जिला भोपाल का आदेश पत्र क0 245 भोपाल दिनांक 03.07.2020।

—0—

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आपके संदर्भित पत्र अनुसार संयुक्त निरीक्षण के दौरान सिद्दकी हसन तालाब में मोतिया तालाब का ओवरफ्लो शिकायत स्थल के किनारे स्थित रहवासी क्षेत्र ताज कालोनी, अशोक कालोनी का मल–जल एवं म्यूनिसिपल की सीवर लाइन इत्यादि के तालाब मे मिलने का उल्लेख किया गया है। इस संबंध मे स्पष्ट किया जाता है कि उक्त क्षेत्र में पूर्व मे एडीबी परियोजना के अंतर्गत सीवेज नेटवर्क बिछाए जाने का कार्य किया गया था। उक्त नेटवर्क का मल–जल कोलुआ पम्प हाउस होकर माहोली दामखेडा स्थित एसटीपी पर पहुचता है जहॉ पर उसे वर्तमान एस.बी.आर. आधारित सीवेज ट्रीटमेण्ट प्लांट के माध्यम से उपचारित किया जा रहा है। सिद्दकी हसन तालाब के आस पास स्थित रहवासी क्षेत्र मे कुछ स्थलों पर नवीन निर्माण होने से उक्त क्षेत्रों का मल–जल सिद्दकी हसन तालाब मे आता है जिसकी रोकथाम हेतु भारत सरकार की अमृत (सीवेज) योजना अंतर्गत सीवेज नेटवर्क बिछाए जाने का कार्य प्रस्तावित है जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे तालाब मे मिलने वाले दूषित जल की रोकथाम हो सकेगी।

नगर यंत्री
सीवेज प्रकोष्ठ
नगर निगम भोपाल

पृ. क्र.................. / न.यंत्री / सीवेज / 2020 भोपाल दिनांक..................

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त महोदय की ओर उनके निज सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, सीवेज नगर निगम भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. उपनगर यंत्री, सीवेज नगर निगम भोपाल की ओर सूचनार्थ।

नगर यंत्री
सीवेज प्रकोष्ठ
नगर निगम भोपाल

SC (II)
25/8/2020


0.0
m
Umrav Jana Masjid
Taj-ul-Masjid Rd
LBS Heart Hospital
LBS
Masjid Hu
BS Hospital
LBS
Noor Mahal Rd
Laal Masjid
Silver Line Hospital
Bhopal Care Hospital
Motia Talab Rd
+
−